निगम क्षेत्र के सभी खुले चेम्बर ढके जाएंगें।

भिलाईनगर। शहर में जनसुविधा के छोटे-छोटे कार्यो की पहचान कर उसे हल करने निर्देश आयुक्त ने सभी जोन आयुक्तों को दिये है। जोन आयुक्त प्रातः 6 बजे क्षेत्र भ्रमण कर तालाबों की सफाई , जल वाहनी में हुए लिकेज का संधारण , हैण्ड पम्प एवं पावर पम्प की जाॅच कर संधारण तथा सफाई व्यवस्था का नियमित मानिटरिंग कर रहे है।

भिलाई निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने समीक्षा बैठक में जोन आयुक्तों को अपने प्रभार क्षेत्र का सुबह भ्रमण कर जनता को सीधे प्रभावित करने वाले कार्य सफाई , पेयजल के साथ खुले चेम्बर की गणना कर ढ़कने को कहा था, इसी कड़ी में सभी जोन आयुक्त प्रातः 6 बजे जोन क्षेत्र का भ्रमण कर रहे है। जोन-1 नेहरू नगर क्षेत्र के गुरूनानक सरोवर की जाॅच कर जोन आयुक्त ने तालाब की सफाई के निर्देश दिये है, जोन के टीम द्वारा शहर के सड़क किनारे तथा डिवाइडर पोल में लगाये गये बेतरतीब बेनर पोस्टर को हटाया गया ताकि शहर सुन्दर दिखे इसी प्रकार जोन- 2 वैशाली नगर क्षेत्र में जोन आयुक्त ने वार्ड 22 ढोर तालाब जो जल कुम्भी से अटा पड़ा था उसे जन सहयोग से सफाई करवाया है। वार्ड 21 में महिनों से जाम नाली जो पुराने कपड़ा , बोरी से जाम था उसे 2 घण्टे की मशक्कत के बाद एक किलो मीटर नाली की साफ करवाया गया। वार्ड 29 में नाली के उपर स्लेब डाल कर 20 दुकान एवं घर बना रखे थे , जिसे जन सहयोग से हटाकर नाली की गहराई से सफाई करवाया गया है तथा खुले चेम्बर को ढ़कने के लिए सीमेंट का स्लेब ढ़क्कन तैयार करवाकर जोन क्षेत्र के 755 खुले चेम्बर को ढ़का जा रहा है। पावर हाउस के व्यस्तम क्षेत्र रेल्वे स्टेशन के आस पास का जोन- 3 के द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई करवाया गया है। जोन आयुक्त खिरोद्र भोई , येशा लहरे, अमिताभ शर्मा, पूजा पिल्ले ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण कर पेयजल पाईप लाईन का लिकेज की जाॅच कर संधारण करवाया जा रहा है। ताकि गरमी के दिनो मे पानी का अपव्यय बचे।